दिन– गुरुवार | दिनांक– 01 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोगों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सीखने का आग्रह किया। कहा – 'स्किल द नेशन चैलेंज' अभियान भविष्य के लिए कार्यबल तैयार करेगा।

02 देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन कोलकाता और गुवाहाटी के बीच चलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द करेंगे रवाना।

03. नये साल की शुरुआत को लेकर राज्यभर में उत्साह का माहौल। लोगों ने नये संकल्पों के साथ नव वर्ष का किया स्वागत।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूप निकलने से लोगों को ठंड से मिली मामूली राहत। कल गोपालगंज, सहरसा और पूर्णिया समेत सात जिलों में शीत दिवस की चेतावनी।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक के साथ देश में सकारात्मक बदलाव लाने का एक अवसर है। श्रीमती मुर्मु राष्ट्रपति भवन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के लिए कौशल विकास–एसओएआर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का महत्व तेजी से बढ़ रहा है और अब हर किसी के लिए इस तकनीक को सीखना अनिवार्य हो गया है।

–––बाइट–––

भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के सौर यानी स्किलिंग फार ए आई रेडिनेस की पहल प्रशंसा योग्य है। इस पहल के अंतर्गत प्री ए आई मॉड्यूल्स तैयार किये गये हैं। इस मॉड्यूल्स के द्वारा ए आई से जुडे विषयों और मिशन लर्निंग के बेसिक कॉन्सेप्ट के बारे में भी जानकारी मिलती है। इस मिशन का उद्देश्य ए आई के बारे में जागरूकता बढाना, आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढावा देना तथा एक टेक प्रीवेन देश के निर्माण में योगदान देना है।

राष्ट्रपति ने तकनीक के माध्यम से भारत के एक जिम्मेदार भविष्य को आकार देने का आह्वान किया।

–––बाइट–––

सरकार विभिन्न संस्थाओं इंडस्ट्री पटना तथा एकेडमियों के साथ मिलकर ये सुनिश्चित कर रही है कि भारत केवल टेक्नोलॉजी को अपनाये ही नहीं बल्कि उसके माध्यम से रिस्पोंसिबल फ्यूचर को भी आकार दे। हम सब मिलकर विकसित भारत बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप भारत को नोलेज सुपर पावर बनाने तथा टेक ड्राइव हिम समावेशी और समृद्ध भारत के इस निर्माण के लिए हम सब अपना योगदान दें।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों और सांसदों को एआई प्रमाणपत्र प्रदान किए और 'स्किल द नेशन चौलेंज' नामक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया।

---

देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी और कोलकाता के बीच चलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ये घोषणा की। उन्होंने कहा कि रेलवे ने स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का अंतिम हाई–स्पीड परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

———बाइट———

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी आगामी कुछ ही दिनों में इस रूट पर पहली वंदे भारत स्लिपर को इनोग्रेट करेंगे फ्लैग ऑफ कर। ये रेलवे के लिए और देश के लिए और हमारे यात्रियों के लिए एक बहुत ही बडा माइलस्टोन है।

श्री वैष्णव ने बताया कि सोलह कोच वाली यह स्लीपर ट्रेन एक हज़ार से डेढ हज़ार किलोमीटर तक की लंबी दूरी की यात्रा के लिए शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन आरामदायक स्लीपर सीट, स्वचालित दरवाज़े और आधुनिक शौचालय सहित अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है।

---

केंद्र सरकार ने चार नई श्रम संहिताओं के लिए मसौदा नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इनमें मजदूरी संहिता दो हजार उन्नीस, औद्योगिक संबंध संहिता दो हजार बीस, सामाजिक सुरक्षा संहिता दो हजार बीस और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थिति संहिता दो हजार बीस शामिल हैं। इन संहिताओं में गिग वर्कर सहित अन्य श्रमिक, मजदूरी, रोजगार के प्रकार, ग्रेच्युटी, बोनस और सामाजिक सुरक्षा को परिभाषित किया गया है। हमारी संवाददाता ने बताया है कि इन मसौदा नियमों पर पैंतालीस दिन के अंदर सभी हितधारक अपनी आपत्तियां और सुझाव दर्ज कर सकते हैं।

———रिपोर्ट———

श्रम मंत्रालय ने देश में दशकों से चल रहे मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और सुव्यवस्थित करने के लिए पिछले वर्ष 21 नवंबर को इन चार नई श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन की घोषणा की थी। मंत्रालय के अनुसार, नई श्रम संहिताएँ देश के कार्यबल के लिए बेहतर मजदूरी, सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करेंगी। श्रम संहिता सभी श्रमिकों के लिए समय पर न्यूनतम मजदूरी, युवाओं के लिए नियुक्ति पत्र, महिलाओं के लिए समान वेतन और सम्मान, 40 करोड़ श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और एक वर्ष के रोजगार के बाद निश्चित अवधि के कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की गारंटी देती है। ये सुधार 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच, ओवरटाइम के लिए दोगुना वेतन और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार श्रमिकों के लिए सामाजिक न्याय की गारंटी भी सुनिश्चित करते हैं, दीपेंद्र की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।

---

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत गति से बढ़ रही है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी नवीनतम वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में ये बात कही है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

मजबूत घरेलू मांग, मध्यम मुद्रास्फीति और विवेकपूर्ण व्यापक आर्थिक नीतियों के समर्थन से ये संभव हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार मजबूत बैलेंस शीट, अनुकूल वित्तीय परिस्थितियों और वित्तीय बाजारों में कम अस्थिरता के कारण घरेलू वित्तीय प्रणाली लचीली बनी हुई है। इसमें भू–राजनीतिक घटनाक्रम और व्यापार संबंधी चुनौतियों सहित बाहरी अनिश्चितताओं के कारण निकट भविष्य में जोखिमों की चेतावनी भी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार राजकोषीय समर्थन और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में मजबूत निवेश के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था ने लचीलापन दिखाया है। इसमें बढ़ती अनिश्चितता, बढ़ते सार्वजनिक ऋण स्तर और वैश्विक वित्तीय बाजारों में अव्यवस्थित सुधार की संभावना से उत्पन्न होने वाले जोखिमों के बारे में भी चेतावनी दी गई है। समाचार कक्ष से मैं, मुकेश कुमार।

---

केंद्र सरकार ने इस वर्ष पहली फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसालों पर नया उपकर लगाने की अधिसूचना जारी कर दी है। तंबाकू और पान मसालों पर ये नए शुल्क वस्तु और सेवा कर –जीएसटी दर के अतिरिक्त होंगे और वर्तमान में इन पर लगने वाले क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे। पहली फरवरी से पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू और ऐसे उत्पादों पर चालीस प्रतिशत तथा बीड़ी पर अठारह प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इसके अतिरिक्त, पान मसाला पर स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर लगेगा, जबकि तंबाकू और संबंधित उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क भी लगेगा। संसद ने दिसंबर में दो विधेयकों को मंजूरी दी थी, जिनमें पान मसाला उत्पादन पर नया स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर और तंबाकू पर उत्पाद शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी।

---

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी भवन में राष्ट्र गीत वंदे मातरम् के दो प्रारूप जारी किए। ये आकाशवाणी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले राष्ट्र गीत के पच्चीस प्रारूपों के प्रस्तावित सेट में से पहले दो हैं। वंदे मातरम् की रचना के एक सौ पचासवें वर्ष के अंतर्गत ये प्रारूप डिजिटली जारी किए गए थे। श्री द्विवेदी ने कहा कि वंदे मातरम् स्वतंत्रता संग्राम का केवल गीत भर नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय एकता और अखंडता का सशक्त और शाश्वत उद्‌घोष है।

---

नये साल की शुरुआत को लेकर राज्यभर में उत्साह का माहौल है। लोग नये संकल्पों के साथ नये साल का स्वागत कर रहे हैं। वर्ष दो हजार पच्चीस का स्वागत

करने के लिए विभिन्न ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण स्थलों को आकर्षक रूप से सजाया गया है और रंग बिरंगी रोशनी की गई है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि ठंड के बावजूद पिकनिक स्थलों पर चहल–पहल बनी रही। हमारे पटना संवाददाता ने बताया कि विभिन्न दर्शनीय स्थलों पर लोगों का तांता लगा रहा।

———बाइट——

पटना जंक्शन स्थित हनुमान मंदिर, इस्कॉन मंदिर समेत राजधानी के प्रमुख मंदिरों, मस्जिदों, गुरूद्वारों और गिरिजाघरों में लोग सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। नये साल पर पटना साहिब स्थित तखत श्री हरिमंदिर साहिब में शबद–कीर्तन और अरदास का आयोजन किया गया है। संजय गांधी जैविक उद्यान, इको पार्क, बुद्ध स्मृति पार्क के अलावा जे.पी. गंगा पथ पर जश्न का माहौल बना हुआ है। इधर, पटना जिला प्रशासन ने नये साल को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। आकशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व में हजारों की संख्या मे पर्यटक पहुंचे।

———बाइट———

नव वर्ष पर वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व का जू सफारी पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहा। तेंदुआ, भालू और हिरण समेत अन्य जंगली जानवरों की चहलकदमी के बीच लोगों ने नये साल का जश्न मनाया। जंगल सफारी के अलावा लोगों ने बोटिंग और पैरा सेलिंग का भी आनंद उठाया। बिहार के अलावा नेपाल से भी बड़ी संख्या में पर्यटक टाईगर रिजर्व पहुंचे थे। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशिष कुमार।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप–राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन्, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नव वर्ष पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी प्रदेशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी हैं।

---

एकीकृत भुगतान प्रणाली–यूपीआई ने दिसंबर में उनतीस प्रतिशत की वृद्धि के साथ इक्कीस अरब तिरेसठ करोड़ लेन देन किये। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के आंकड़ों के अनुसार यह लेनदेन वार्षिक बीस प्रतिशत बढ़कर लगभग अट्ठाईस लाख करोड़ रुपये हो गया। नवंबर दो हजार पच्चीस में यह सत्तासी हजार सात सौ इक्कीस करोड़ रुपये था। औसत दैनिक लेनदेन की संख्या पिछले महीने के तिरेसठ करोड़ बीस लाख से बढ़कर उनहत्तर करोड़ अस्सी लाख हो गई।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आज धूप निकलने से लोगों को ठंड से मामूली राहत मिली है। हालांकि सर्द पछुआ हवा के कारण लोगों को दिन में भी कनकनी का एहसास हुआ। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले पांच दिनों तक मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के गोपालगंज, दरभंगा, सहरसा और पूर्णिया समेत सात जिलों में शीतदिवस की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के उत्तर और दक्षिण—पूर्व हिस्सों में कल सुबह कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीवान का जीरादेई राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान पांच दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

पटना जंक्शन पर एक कारोबारी से बाईस लाख रुपये से अधिक मूल्य के जेवरात के लूट के मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से उन्नीस लाख रुपये बरामद किये गये हैं।

---

भोजपुर पुलिस ने हर्ष फायरिंग के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से एक एनपीआर राइफल और कारतूस बरामद किये गये हैं। जब्त किया है।

---

मुंगेर जिले के हरपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक कार से भारी मात्रा में शराब के साथ वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोगों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सीखने का आग्रह किया। कहा – 'स्किल द नेशन चैलेंज' अभियान भविष्य के लिए कार्यबल तैयार करेगा।

02 देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन कोलकाता और गुवाहाटी के बीच चलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द करेंगे रवाना।

03. नये साल की शुरुआत को लेकर राज्यभर में उत्साह का माहौल। लोगों ने नये संकल्पों के साथ नव वर्ष का किया स्वागत।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूप निकलने से लोगों को ठंड से मिली मामूली राहत। कल गोपालगंज, सहरसा और पूर्णिया समेत सात जिलों में शीत दिवस की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।